अमर उजाला 27/08/2025

# राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों ने विधानसभा सत्र की देखी कार्यवाही

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने हरियाणा विधानसभा का दौरा कर चल रहे सत्र की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को विधायी प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी देना और कक्षा में प्राप्त ज्ञान को वास्तविक अनुभव से जोड़ना था। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने प्रश्नकाल और राज्य से जुड़े महत्त्व पूर्ण मुद्दों पर हुई बहस को गंभीरता से देखा। उन्होंने संसदीय कार्यप्रणाली, विधायी चर्चा और निर्वाचित प्रतिनिधियों की नीति निर्माण में भूमिका को करीब से समझा। छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए विभाग की ओर से डॉ. केके पुनिया और डॉ. सरोज साथ रहे। संवाद



**चंडीगढ़ में विधानसभा सत्र देखने पहुंचे विद्यार्थी।** प्रवक्ता